CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 4 ▫ रायपुर, सोमवार 27 जनवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# भाजपा-कांग्रेस ने किया दस नगर निगम में महापौर प्रत्याशियों का ऐलान

## राजधानी में मीनल चौबे और दीप्ति दुबे के बीच मुकाबला





**रायपुर,** 27 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आज भाजपा ने आज रायपुर नगर निगम समेत 10 नगर निगमों में महापौर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है. प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने एकात्म परिसर में प्रेस कांफ्रेंस कर सभी प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं. वहीं कांग्रेस ने भी आज पूरे दस नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

| शहर | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| रायपुर | मीनल चौबे | दीप्ति प्रमोद दुबे |
| दुर्ग | अल्का बाघमार | श्रीमती प्रेमलता पोषण साहू |
| राजनांदगांव | मधुसूदन यादव | निखिल द्विवेदी |
| धमतरी | जगदीश रामू रोहरा | विजय गोलछा, |
| जगदलपुर | संजय पाण्डे | मलकीत सिंह गैंदू |
| रायगढ़ | जीवर्धन चौहान | श्रीमती जानकी काटजू |
| कोरबा | संजू देवी राजपूत | श्रीमती उषा तिवारी |
| बिलासपुर | पूजा विधानी | प्रमोद नायक |
| अंबिकापुर | मंजूषा भगत | अजय तिर्की |
| चिरमिरी | श्रीराम नरेश राय | विनय जायसवाल |

बता दें, इस बार भाजपा ने 10 नगर निगमों में से 5 में महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है. बीजेपी ने रायपुर से मीनल चौबे, दुर्ग से अल्का बाघमार, कोरबा से संजू देवी राजपूत, बिलासपुर से पूजा विधानी और अंबिकापुर से मंजूषा भगत को प्रत्याशी घोषित किया है. वहीं कांग्रेस ने पूर्व महापौर प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे को प्रत्याशी बनाया है वहीं दुर्ग श्रीमती प्रेमलता पोषण साहू व राजनांदगांव से निखिल द्विवेदी को मैदान में उतारा है।

उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के तारीख के ऐलान के साथ आचार संहिता लागू हो गई है। 22 जनवरी को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई जो 27 जनवरी तक जारी रहेगी. सभी 10 नगरीय निकायों के लिए एक ही फेज पर 11 फरवरी को मतदान होगा. वहीं 15 फरवरी का निकाय चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे।

# बस्तर संभाग के 26 गांवों में पहली बार लहराया तिरंगा

## नक्सल उन्मूलन अभियान की सफलता से बदली तस्वीर



### राज्यपाल ने रायपुर, मुख्यमंत्री ने अंबिकापुर में फहराया तिरंगा

**रायपुर,** 27 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन इस बार इतिहास में खास दर्ज हुआ। वह गांव, जो कभी नक्सलियों के खौफ और आतंक के साए में जीने को मजबूर थे, अब शांति और विकास की नई राह पर चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित नक्सल उन्मूलन अभियान की जबरदस्त सफलता के चलते गांवों में सुरक्षा और विश्वास का नया माहौल बनने से इस बार 26 गांवों में पहली बार ग्रामीणों ने तिरंगा फहराया और पूरे उत्साह से गणतंत्र दिवस मनाया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित नक्सल उन्मूलन अभियान ने बस्तर संभाग में सुरक्षा और विकास की नई कहानी लिखी है। इस अभियान के अंतर्गत बस्तर के अंदरूनी और सुदूर इलाकों में सुरक्षा केंद्र स्थापित कर शांति बहाल की गई है। इन गांवों में कभी नक्सलियों का प्रभाव इतना गहरा था कि लोग राष्ट्रीय पर्व तो दूर, सामान्य जीवन भी भय के साए में जीने को मजबूर थे। अब, नक्सल उन्मूलनअभियान के प्रयासों से वहां न केवल शांति स्थापित हुई है, बल्कि स्थानीय लोगों में एक नई उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि बीते एक वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कुल 26 नए सुरक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन सुरक्षा केंद्रों ने न केवल कानून व्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि इन क्षेत्रों को विकास केंद्र का स्वरूप दिया है। बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और कांकेर जिलों के इन गांवों में ग्रामीणों ने पहली बार गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पूरे उत्साह से इस पर्व में भाग लिया।

इधर 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के कोने-कोने में हर्ष और उल्लास के बीच तिरंगा फहराया जा रहा है. इस कड़ी में राज्यपाल रमेन डेका ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में, तो मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंबिकापुर में झंडा फहराया. इनके अलावा प्रदेश के मंत्रियों ने अलग-अलग जिलों में आयोजित समारोह में पुलिस परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच झंडा फहराया. यह भी पढ़ें ‒ लल्लूराम डॉट कॉम कार्यालय में फहराया तिरंगा, एडिटोरियल डायरेक्टर मनोज सिंह बघेल ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएंज्

रायपुर पुलिस परेड मैदान में राज्यपाल रामेन डेका ने झंडा फहराने के साथ परेड की सलामी ली. इस दौरान आकर्षक झांकिया निकाली गई. वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंबिकापुर के पीजी कॉलेज में तिरंगा फहराया. परेड की सलामी लेने के साथ प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी.

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायगढ़ के शहीद विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में झंडा फहराने के साथ परेड की सलामी ली. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बिलासपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में तिरंगा फहराने के साथ परेड की सलामी ली. कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मंत्री टंकराम वर्मा ने झंडा फहराते हुए परेड की सलामी ली. समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विभागीय झांकियां भी निकाली गई. स्वास्थ्य और प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गौरेला गुरुकुल परिसर में आयोजित गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मुख्य समारोह में झंडा फहराने के साथ परेड की सलामी ली.

**डॉ. रमन सिंह ने दुर्ग में फहराया तिरंगा**- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने फर्स्ट बटालियन ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में तिरंगा फहराते हुए दुर्ग पुलिस, सीआईएसएफ, बीएसएफ और एसएसबी के जवानों की सलामी ली. इस अवसर पर दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, आईजी रामगोपाल गर्ग, आयुक्त सत्यनारायण राठौर, एसपी जितेंद्र शुक्ला भी मौजूद थे.

**विधानसभा में सचिव दिनेश शर्मा ने फहराया तिरंगा**- विधान सभा सचिवालय में भी गणतंत्र दिवस उमंग एवं उल्लास के साथ मनाया गया. विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने झंडावंदन कर परेड की सलामी ली. इस अवसर पर दिनेश शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का सचिवालय के अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए संदेश का वाचन किया.

## ब्रेकिंग न्यूज

### कार सवार परिवार हादसे का शिकार, महिला की मौत



**बालोद,** 27 जनवरी (हाईवे चैनल)। जिले में देर रात एक दंपत्ती सड़क हादसे का शिकार हो गया. इस हादसे में पत्नी की मौत हो गई. वहीं पति और तीन साल की मासूम बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है. यह घटना डौंडी थाना क्षेत्र के घोठिया गांव की है. घटना की सूचना मिलते ही डौंडी पुलिस मौके पर पहुंची. जानकारी के मुताबिक, पति, पत्नी और बच्ची कार में सवार होकर लाटाबोड़ से घोठिया आ रहे थे. इस दौरान कार अज्ञात वाहन से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में पत्नी की मौत हो गई. वहीं तीन साल के मासूम बच्ची और पिता गम्भीर रूप से घायल हुए हैं. प्राथमिक उपचार के बाद मासूम बच्ची को राजनांदगांव रेफर किया गया है.


### केजरीवाल ने 15 गारंटी का चुनावी घोषणा पत्र किया जारी

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली के लोगों के साथ हमारा रिश्ता वादों का नहीं बल्कि गारंटी का है। हमने जो कहा है वो करेंगे। केजरीवाल की गारंटी का मतलब है पक्की बात। इस बीच, पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी, जो पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ हैं, दिल्ली विधानसभा चुनाव अभियान के हिस्से के रूप में इस महीने के अपने पहले संबोधन के बाद, राष्ट्रीय राजधानी में अपनी दूसरी रैली को संबोधित करने के लिए तैयार हैं। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के घोषणापत्र का अनावरण करते हुए संकल्प लिया कि सत्ता में आने के बाद वह दिल्ली की सभी महिलाओं को 2100 रुपये मासिक देंगे। आज दिल्ली में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने 15 गारंटियों की घोषणा की जिन्हें अगले पांच वर्षों में पूरा किया जाएगा। दिल्ली के लोगों के साथ हमारा रिश्ता वादों का नहीं बल्कि गारंटी का है। हमने जो कहा है वो करेंगे। केजरीवाल की गारंटी का मतलब है पक्की बात।

# रायपुर के होटल में छापा मार पकड़ी गई15 लाख की हेरोइन

**रायपुर,** 27 जनवरी (हाईवे चैनल)। आमानाका पुलिस ने टाटीबंध के एक होटल में छापा मारकर दो लोगों को दबोचा है. पंजाब के गुरदासपुर से आकर यहां ठहरे दोनों आरोपियों के कब्जे से 150 ग्राम हिरोइन (चिट्टा) बरामद की गई है. जिसकी कीमत 15 लाख के आसपास बताई जा रही है. दो दिन पहले भी सरोना इलाके में एक महिला समेत दो लोगों को दबोचा गया था. उनसे 20 ग्राम हेरोइन जब्त की गई थी. इन चारों आरोपियों का संपर्क पंजाब के गुरदासपुर इलाके से पाया गया है. मुखबिर की सूचना पर शनिवार को टाटीबंध स्थित होटल ओयो में छापेमारी करने की सूचना है. पुलिस के मुताबिक आरोपी होटल में कमरा लेकर रूके हुए थे. संभवत: हेरोइन बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे. दो दिन पहले जगदीश सिंह पिता महेन्द्र सिंह जाट 25 वर्ष और शीतल राजपूत पति स्व. रवि कुमार की गिरफ्तारी की गई थी.

# नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीण को उतारा मौत के घाट



**बीजापुर,** 27 जनवरी (हाईवे चैनल)। कोर नक्सल क्षेत्र बीजापुर के ग्राम केशामुंडी में नक्सलियों ने बीती रात एक ग्रामीण की पुलिस मुखबिरी के आरोप में निर्ममता से हत्या कर दी. मौके से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन भैरमगढ़ एरिया कमेटी का पर्चा भी बरामद हुआ है. सूचना पर पहुंची भैरमगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, ग्रामीण की पहचान केशामुंडी निवासी भदरू सोढ़ी, उम्र 41 वर्ष, पिता- हिडमा के रूप में हुई है. बीती रात नक्सलियों ने भदरू के घर घुस कर कुल्हारी से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी. मौके से बरामद पर्चे में लिखा है कि वे उसे पहले ही मार देते, लेकिन वह बच गया. गांव में नक्सलियों की जानकारी देने के आरोप में उन्होंने ग्रामीण की हत्या कर दी है.

बता दें, प्रदेश में भाजपा सरकार के आते ही छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान तेजी से चल रहा है. केंद्रीय गृह मंत्री ने 2026 तक नक्सलियों का सफाया करने का लक्ष्य रखा है. इसके बाद से लगातार सुरक्षा बल के जवान नक्सलियों की मांद में घुस कर उनका सफाया कर रहे हैं. इसके अलावा माओवादियों के कोर क्षेत्र में नवीन सुरक्षा बलों के कैंप निर्माण से माओवादियों का आधार क्षेत्र सिमट रहा है. इस बात की खीझ वे आम निर्दोष आदिवासी ग्रामीणों पर निकाल रहे हैं. नक्सली कभी गद्दारी, कभी पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर भय का माहौल बनाने के लिए ग्रामीणों की नृशंस हत्या कर अपने जनविरोधी, आदिवासी विरोधी, विकास विरोधी होने का परिचय दे रहे हैं. वहीं कुछ माओवादी सरकार की पुनर्वास नीति योजना का लाभ लेने समाज की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए सरेंडर भी कर रहे हैं. इससे से भी नक्सलियों की परेशानी बढ़ने लगी है.

# गृह मंत्री शाह ने साधु-संतों के साथ संगम में लगाई डुबकी

## अब तक 13.21 करोड़ ने किया स्नान



**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (न्यूज चैनल)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान किया। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और कई संत पवित्र स्नान में गृह मंत्री के साथ मौजूद रहे। प्रयागराज महाकुंभ में गृहमंत्री अमित शाह ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई।

अब तक अमित शाह महाकुंभ, अर्ध कुंभ और कुंभ में हिस्सा ले चुके है। हाल ही में खुद अमित शाह ने बताया था कि वो अबतक कुल नौ कुंभ और एक अर्ध कुंभ में हिस्सा ले चुके है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा कि सम्पूर्ण विश्व को समानता व समरसता का संदेश देता सनातन धर्म का महासमागम, महाकुंभ केवल तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि देश की विविधता, आस्था और ज्ञान परंपरा का संगम भी है। सीएम योगी और अमित शाह जूना अखाड़ा भी जाएंगे। अमित शाह श्रृंगेरी, पुरी और द्वारका पीठ के शंकराचार्यों से भी मुलाकात करेंगे। देश और दुनिया भर से लोग दूर दूर से संगम में डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में पहुंच रहे है। इसी ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु अब तक पहुंच चुके है। अब तक 13.21 करोड़ ने स्नान कर लिया है।




CMYK